प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) 2024 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथिः–
25/04/2024 से 09/05/2024 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति
समय सारणी

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि
25/04/2024 से 14/05/2024 तक

परीक्षा दिनॉक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	उत्तर अंकित का समय
08 एवं 09 जून 2024	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से दोपहर 01:00 बजे तक	दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक (03 घंटे)

परीक्षा शहर :–भोपाल, इंदौर ,जबलपुर ,ग्वालियर, उज्जैन, सागर, सतना, रतलाम एवं नीमच।

आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क***

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रू 500/–
अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रू 250/–
ऑनलाइन आवेदन– कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रू 60/–
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रू 20/–

विशेष निर्देश

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र,पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI)के द्वारा सत्यपित (Verify)होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई – आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VIDकी जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स,डिजीटल घड़ी एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन–पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन–पत्र क्रमांकआवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र साथलाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नही होगी।
10. आवेदन–पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नही किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अतः कंम्प्यूटर आधारित (Online)परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility)पूर्णतः प्रावधिक (Provisional)होगी।

विशेष नोट– मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 23 /2024

संचालक

ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. – 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल – 462011
FAX: +91-0755-2550498, website : www.esb.mp.gov.in